Hindi - 8/2019

काजल बच्चों को विषाक्त कर सकता है

"मेरी बेटी पर काजल जहर का असर कर रहा था। हम यह भी नहीं बता सकते थे कि वह बीमार थी। एक डॉक्टर ने सीसा के लिए उसके रक्त का परीक्षण किया। मुझे लगता था कि काजल स्वस्थ है क्योंकि यह प्राकृतिक है। अब मुझे पता है कि इसमें सीसा है, जो बच्चों को नुकसान पहुंचाता है।" - शरणार्थी मां

ललाट, गाल और आंखों के आसपास काजल लगाए बच्चा।

सीसा एक जहर है

- अधिकांश काजल जो एशिया, अफ्रीका और मध्य पूर्व देशों से आती है उसमे सीसा होता है। काजल को लोग लंबे समय से इस्तेमाल करते आ रहे हैं। अब हम जानते हैं कि यह खतरनाक है।
- अमेरीका में काजल का उपयोग करने वाले कई बच्चों में जांच द्वारा उनके खून में सीसा की उच्च मात्रा पाया गया है। काजल को "रंजा," "सूरमा," "कोहल," "गजल," "कहल," या "अल-कहल" भी कहा जाता है।
- सीसा मस्तिष्क को जहर दे सकता है और बच्चों का **सीखना**, **ध्यान देना** और **अच्छा बर्ताव** कठिन बना सकता है

सीसा आंखों और मुंह मे जाकर बच्चों को विषाक्त कर सकता है

प्रयोग ना करें

इन जैसे काजल उत्पादों का उपयोग न करें। इनमें उच्च मात्रा में सीसा हो सकता है।

सुरक्षित उत्पादों का उपयोग करें

संयुक्त राज्य अमेरिका या यूरोप के उत्पादों का उपयोग करें जैसे कि मेबेलिन का "काजल" और लॉरियल का "इन्फैलबल"।

सीसा जांच करवाएं

- अपने बच्चे के सीसा जांच के लिये अपने डॉक्टर से कहें।
- किसी को सीसा विषाक्तता है या नहीं, यह जानने के लिए सीसा जांच करवाना एकमात्र तरीका है।

अधिक जानकारी केलिये

Region 1: New England
Pediatric Environmental Health Specialty Unit (PEHSU)
617-355-8177
www.childrenshospital.org/pehc

WESTERN STATES PEHSU
Pediatric Environmental Health Specialty Unit

इस तथ्य पत्रक को अमेरिकन कॉलेज ऑफ मेडिकल टॉक्सिकोलॉजी (ACMT) द्वारा समर्थित किया गया था और सहकारी समझौते FAIN: 5U61TS000238-05 से विषाक्त पदार्थों और रोग रजिस्ट्री एजेंसी (ATSDR) द्वारा वित्त (अंशत:) पोषित किया गया था।

अभिस्वीकृति: अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (EPA) अंतर एजेंसी समझौते संख्या DW-75-95877701 के तहत ATSDR को आंशिक धन प्रदान करके PEHSU का समर्थन करती है। PEHSU प्रकाशनों में उल्लिखित किसी भी वाणिज्यिक उत्पादों या सेवाओं की खरीद का न तो EPA और न ही ATSDR समर्थन करती है।